आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका बताई–रक्षा बंधन पर महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में दो दिन की निःशुल्क यात्रा सुविधा की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच नौ समझौतों पर हस्ताक्षर।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा–पर्यावरण को समर्पित पिपलांत्री मॉडल गांव हर तहसील की ज़रूरत।
- राज्य में मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने से कुछ स्थानों पर उमस का असर।

000

**मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन** कार्यक्रम आज जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को राखी के उपहार स्वरूप 501–501 रुपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बहनों को छाता और मिठाई भी भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण तथा शिक्षा के लिए अथक प्रयास करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र संस्कार के केन्द्र होते हैं।

000

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी बहनों को पोषण शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज की बसों में दो दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा की भी घोषणा की। समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत से समाज का हर तबका लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में पिछले दो साल से दस–दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

000

**मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन** के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रदेशभर में सीधा प्रसारण किया गया। आंगनबाड़ी बहनों ने उपहार की इस पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे मनोबल बढ़ा है और उन्हें बेहतर काम करने की प्रेरणा मिली है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर की मौजूदगी में आज दोनों देशों के बीच नौ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें कूटनीतिक सहभागिता, आपराधिक मामलों, रक्षा, विज्ञान और तकनीक सहित अन्य क्षेत्रों में आपसी कानूनी सहायता संधि शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इससे दोनों देशों के समझौतों को गति और नई दिशा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है और 3 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत–आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा जल्द से जल्द पूरी करना उनकी प्राथमिकता होगी।

000

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश रक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग के साथ साझेदारी में चल रहे फिलीपींस रक्षा आधुनिकीकरण की तेज गति पर भी संतोष व्यक्त किया।

000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज जयपुर में मोबाइल वेटनरी यूनिट और कॉल सेंटर संचालन से जुड़ी कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पशुपालन सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। श्री कुमावत ने कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों को जल्दी भरा जाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि हर तहसील में पिपलांत्री जैसा मॉडल गांव होना चाहिए। जिससे लोगों को पर्यावरण के प्रति प्रेम और संरक्षण की प्रेरणा मिल सके। श्री बागड़े ने आज राजसमंद के पिपलांत्री गांव में आयोजित पर्यावरण महोत्सव में शिरकत की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जमीन की कमी नहीं है। सभी को पिपलांत्री जैसी इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए। राज्यपाल ने पर्यावरणविद श्याम सुंदर पालीवाल और गांव वासियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज यहां तालाब और कुएं पानी से लबालब हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होने से क्षेत्र से पलायन पर रोक लगी है। इसके साथ ही पिपलांत्री ईको टूरिज़म और डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र में फल–फूल रहा है।

000

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रेल मंत्रालय की ओर से देशभर के रेलवे स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। एक अगस्त से शुरू हुआ तीन महीने का ये अभियान दो चरणों में होगा। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस बार स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इनके माध्यम से रेल यात्रियों और लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरुक किया जाएगा।

000

जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल, सत्यपाल मलिक का आज दोपहर निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने गोवा और मेघालय के राज्यपाल के रूप में भी काम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने श्री मलिक के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वहीं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबु सोरेन का आज उनके पैतृक स्थान झारखंड के रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में पूरे राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया।

000

राज्य में मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने से कुछ स्थानों पर उमस का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले 4–5 दिन तक भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है। पूर्वी राजस्थान में अगले 2–3 दिन कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं 8 से 12 तक अगस्त से कुछ भागों में बरसात की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार हैं। इस दौरान भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

इस बीच, बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हुई हल्की बारिश से उमस का प्रभाव बढ़ गया। सबसे ज्यादा 6 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के सरमथुरा में दर्ज हुई। इसके अलावा कोटा, प्रतापगढ़, उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में हल्की बरसात हुई। बारां, करौली और राजसमंद सहित कई स्थानों पर बूंदाबांदी हुई।

000

एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और एनडीए के अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की। सांसदों ने सशस्त्र बलों की भूमिका और उनके अडिग समर्पण की प्रशंसा करते हुए ऑपरेशनों की सफलता पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया। पहलगाम आतंकी हमले में जान गवांने वाले लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि एनडीए सरकार मजबूत और शांतिपूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रही है।

000

भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ. और आई.आर.सी.एच. की ओर से हर्बल औषधि और विनियमन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला कल से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। तीन दिन की इस कार्यशाला में हर्बल औषधियों की विनियमन क्षमता को मजबूत करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञ और नियामक एक मंच पर जुटेंगे।

000